कार्यालय प्रधानाचार्य, माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय, सिद्धार्थनगर।

कार्यालय पता:–नवीन परिसर, माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय, अशोकमार्ग, सिद्धार्थनगर उ0प्र0 272207

E-mail:- principalasmcsiddharthnagar@gmail.com Website:- www.asmcsiddharthnagar.ac.in

पत्रांकः मे0का0सि0 / विज्ञापन / 2024 / 8212-15 दिनांक : 21 / 10 / 2024

–:: सेवायोजन विज्ञप्ति ::–

माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय, सिद्धार्थनगर उ0प्र0 में एन0एम0सी0 / एम0सी0आई0 मानकों की पूर्ति हेतु विभिन्न विभागो में अस्थायी **सीनियर रेजीडेन्ट / ट्यूटर** पदो पर चयन हेतु आवेदन पत्र एतद्द्वारा आमन्त्रित किये जाते है, रिक्त पदों पर वॉक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) पद्धति से चयन किया जाना है, इच्छुक अभ्यर्थी से अपेक्षा की जाती है, कि वह साक्षात्कार के समय अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, 04 रंगीन फोटो, शोध पत्रो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के दो–दो प्रति, बायोडाटा एवं अन्य आवश्यक मूल प्रमाण पत्रो के साथ विज्ञप्ति प्रकाशित होने के दिनांक से सप्ताह के प्रत्येक सोमावर, मंगलवार, बुद्ववार एवं शुक्रवार (अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस) को प्रधानाचार्य, कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे अपराह्न 02:00 बजे के मध्य उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हों जव तक **सीनियर रेजीडेन्ट / ट्यूटर** के रिक्त पदों की पूर्ति नही हो जाती है तव तक साक्षात्कार अनवरत रूप से आयोजित किया जाता रहेगा। साक्षात्कार में प्रतिभाग करने हेतु चिकित्सा महाविद्यालय से कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

उपरोक्त पदो हेतु शैक्षणिक अर्हता एन0एम0सी0 / एम0सी0आई0 के मानकों के अनुरुप होगी। चयन विभागीय नियमावली एवं समय–समय पर जारी शासनादेशों / नियमो के अनुसार किया जायेगा।

नोटः– अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत सेवायोजित अभ्यर्थी की तैनाती के उपरांत आपकी सेवायें स्वतः समाप्त मानी जायगी।

नियुक्ति की शर्ते निम्नवत् है–

1. शैक्षणिक योग्यता एम0सी0आई0 / एन0एम0सी0 मानकानुसार।
2. अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही वॉक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) के माध्यम से 11 माह के लिए किया जायेगा। संतोषजनक कार्य एवं आवश्यकता के अनुसार सेवा विस्तार किया जायेगा।
3. यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी संस्था में कार्य कर रहे है तो उस संस्था से अनापित्त प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होग।

- आवेदन पत्र का प्रारूप माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय, सिद्धार्थनगर की वेबसाइट www.asmcsiddharthnagar.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

रेजीडेण्ट प्रभारी,
माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय,
सिद्धार्थनगर।

प्रधानाचार्य,
माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय,
सिद्धार्थनगर।

मे0का0सि0 / विज्ञापन / 2024 / **तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ, उ0प्र0।
2. जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को प्रमुख समाचार पत्रो में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
3. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

रेजीडेण्ट प्रभारी,
माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय,
सिद्धार्थनगर।

प्रधानाचार्य,
माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय
सिद्धार्थनगर।